## सुबह से घंटों तक कतार में लगने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे उपभोक्ता

# शहर में गैस संकट गहराया: नाहर गैस एजेंसी से नाराज उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा शहर इन दिनों रसोई गैस की भीषण किल्लत से जूझ रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि आम उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब देने लगा है। मंगलवार को यह आक्रोश खुलकर सामने आया, जब सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष खाली सिलेंडर लेकर सड़कों पर उतर आए और नाहर गैस एजेंसी का घेराव कर दिया। सुबह से लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद गैस नहीं मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।सुबह होते ही एजेंसी के बाहर भीड़ जमा होना शुरू हो गई थी। कई लोग रात से ही अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन जब वितरण शुरू हुआ तो पता चला कि सिलेंडरों की संख्या मांग के मुकाबले बेहद कम है। इससे भीड़ में बेचैनी और गुस्सा तेजी से बढ़ गया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी अधिकांश लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा

### उपभोक्ताओं की आवाज

छिंदवाड़ा में गैस संकट से जूझ रहे उपभोक्ताओं का गुस्सा अब खुलकर सामने आ रहा है। लोगों का कहना है कि वे सुबह 5 बजे से लाइन में लग रहे हैं, लेकिन फिर भी गैस नहीं मिल पा रही। 15–20 दिनों से सिलेंडर का इंतजार कर रहे कई उपभोक्ता बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। महिलाओं का कहना है कि घर में बच्चों के लिए खाना बनाना मुश्किल हो गया है।



### आपूर्ति बेहद कम, मांग बेकाबू

सूत्रों के अनुसार, शहर में प्रतिदिन 200 से अधिक सिलेंडरों की आवश्यकता है, लेकिन आपूर्ति मात्र 25 से 30 सिलेंडरों तक सिमट गई है। यही वजह है कि हर दिन सैकड़ों लोग लाइन में लगते हैं, लेकिन ज्यादातर को निराशा ही हाथ लगती है।आपूर्ति और मांग के बीच यह भारी अंतर ही इस संकट की मुख्य वजह बनता जा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### प्रशासन के दावे बनाम हकीकत

जिला प्रशासन का कहना है कि बुकिंग बढ़ने के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है और जल्द ही स्थिति सामान्य कर दी जाएगी। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है।प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि गैस जैसी बुनियादी जरूरत के लिए इस तरह परेशान होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### महिलाओं का फूटा गुस्सा, सड़क पर रखे सिलेंडर

गैस नहीं मिलने से सबसे ज्यादा परेशान महिलाएं नजर आईं। उन्होंने खाली सिलेंडर सड़क पर रखकर जोरदार प्रदर्शन किया और एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कई महिलाओं ने कहा कि घर में चूल्हा जलाना तक मुश्किल हो गया है। बच्चों के लिए खाना बनाना भी अब चुनौती बन चुका है।एक उपभोक्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा, "हम सुबह 5 बजे से लाइन में खड़े हैं, लेकिन अभी तक नंबर नहीं आया। जब काउंटर पर पहुंचे तो बताया गया कि गैस खत्म हो गई। आखिर हम कब तक यूं ही परेशान होते रहेंगे?"

### 15–20 दिन का इंतजार, फिर भी नहीं मिल रही गैस

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए 15 से 20 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने मार्च के तीसरे सप्ताह में बुकिंग कराई थी, लेकिन अप्रैल के पहले सप्ताह तक भी सिलेंडर नहीं मिला।एक महिला ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा, "मैंने 21 मार्च को बुकिंग की थी। आज तक गैस नहीं मिली। छह बार एजेंसी के चक्कर लगा चुकी हूं। अब मजबूरी में लकड़ी और कोयले से खाना बनाना पड़ रहा है।"

### सड़क पर उतरे लोग, बढ़ सकता है आंदोलन

नाहर गैस एजेंसी के बाहर हुए इस विरोध प्रदर्शन ने प्रशासन के लिए चेतावनी का काम किया है। यदि जल्द ही आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है। लोगों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है और वे अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार हैं।

### चूल्हा जलाना हुआ चुनौती

गैस संकट का सबसे बड़ा असर आम घरों पर पड़ रहा है। कई परिवारों में अब चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है। लोग लकड़ी, कोयला और वैकल्पिक साधनों का सहारा लेने को मजबूर हैं। इससे न सिर्फ समय और मेहनत बढ़ रही है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

### समाधान की दरकार

छिंदवाड़ा में बढ़ती गैस किल्लत ने यह साफ कर दिया है कि वितरण प्रणाली में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। जब तक मांग के अनुसार आपूर्ति नहीं बढ़ाई जाएगी और पारदर्शी वितरण व्यवस्था लागू नहीं होगी, तब तक इस तरह की समस्याएं बनी रहेंगी।फिलहाल शहर के हजारों उपभोक्ता इसी उम्मीद में हैं कि जल्द ही हालात सुधरेंगे और उन्हें राहत मिलेगी। लेकिन तब तक उनके लिए हर दिन एक नई चुनौती बनकर सामने आ रहा है।



## 3 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित व 2 को कारण बताओ नोटिस जारी



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक जिला छिंदवाड़ा द्वारा जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 का उल्लंघन पाए जाने पर 3 मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया था। नोटिस का संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न किए जाने पर संबंधित 3 फर्मों के लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई है, जिसमें प्रतिमा मेडिकल स्टोर्स, कुर्सीढाना तहसील तामिया को 10 दिवस, ओम एजेंसीज छिंदवाड़ा को 7 दिवस तथा प्रिंस मेडिकल स्टोर्स छिंदवाड़ा को 5 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। इसके अतिरिक्त 2 अन्य दवा दुकानों को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है, जिनमें सीता मेडिकोज एवं अग्रवाल औषधि भंडार छिंदवाड़ा शामिल हैं। इनका जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह संपूर्ण कार्रवाई खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला छिंदवाड़ा द्वारा की गई।

## अवैध होर्डिंग हटाने की कार्रवाई, 8 होर्डिंग हटाए गए

**छिन्दवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय के निर्देशानुसार शहर में अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में एमएलबी स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय की बाउंड्री से लगे हुए कुल 8 अवैध होर्डिंग्स को हटाया गया। इन होर्डिंग्स को लेकर निगम को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों के आधार पर स्वच्छता अधिकारी अनिल मालवीय ने निगम अमले के साथ मौके पर पहुंचकर आवश्यक संसाधनों की मदद से इन्हें हटाने की कार्रवाई की। स्वच्छता अधिकारी के अनुसार, ये होर्डिंग बिना अनुमति के लगाए गए थे, जिससे न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही थी बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरा उत्पन्न हो रहा था। नगर निगम आयुक्त श्री राय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में कहीं भी अवैध होर्डिंग्स बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभाग को नियमित निरीक्षण करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# चौरई पुलिस का खूफिया तंत्र कहां है?

## चौरई कृष्ण कुमार हत्याकांड के आरोपी बीस दिनों बाद भी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

### क्या कहते हैं लोग

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस का खुफिया तंत्र मजबूत है तो आरोपी अब तक बाहर कैसे कार्रवाई में देरी से कई तरह की शंकाएं पैदा हो रही है अब पूरे मामले में लोगों की नजरें इस बात पर टिकी हैं किक्या पुलिस जल्द आरोपियों तक पहुंचेगी या सवालों का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा?

चौरई के बहुचर्चित कृष्णकुमार वर्मा हत्याकांड में बीस दिनों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष पति कमलेश वर्मा अब तक पुलिस की गिरफ्त से दूर नजर आ रहे हैं। इस स्थिति ने पुलिस के खुफिया तंत्र और कार्रवाई की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार इस हत्याकांड मामले के प्रमुख आरोपी कमलेश वर्मा और विपिन वर्मा अब तक पुलिस की पकड़ से दूर नजर आ रहे हैं। लगातार समय बीतने जाने के बावजूद गिरफ्तारी न होने से परिजनों में आक्रोश और असंतोष का माहौल उत्पन हो रहा है। खुफिया तंत्र पर सवाल क्यों?20 दिन बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगातार देरी से पुलिस की सक्रियता कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह उठ रहा है स्थानीय स्तर पर उठ रही चर्चा आखिर पुलिस का सूचना तंत्र काम क्यों नहीं कर रहा? इससे पहले भी उठे थे सवाल इससे पहले भी पुलिस के प्रेस नोट में बदलाव को लेकर विवाद सामने आया था जहां पहले वाली प्रेस नोट में फरार आरोपियों के नाम शामिल थे बाद में अचानक दूसरी प्रेस नोट जारी की गई जिसमें दोनों आरोपियों के नाम हटा दिए गए ।

इस पूरे प्रकरण में चौरई पुलिस की कार्यवाही पर संदेह जाहिर किया जा रहा है दरअसल आरोप यह भी लग रहे है कि पुलिस इस मामले में आरोपियों को पूरा बचाने के प्रयास में थी तभी कार्यवाही और केस डायरी भी कमजोर बनाई गई थी। इस घटनाक्रम ने भी जांच की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए थे।

## कलेक्टर ने ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल संकट वाली बसाहटों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने और समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और ग्राम पंचायतों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति सुचारू बनी रहे। साथ ही पीएचई के मैदानी अमले को नियमित फील्ड भ्रमण करने के निर्देश दिए गए, जिससे धरातल पर आने वाली तकनीकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके ग्रीष्मकाल की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए खंड एवं उपखंड स्तर पर पूर्व से स्थापित कंट्रोल रूम को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# इमलीखेड़ा-सोनपुर क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन पर छापामार कार्रवाई, छह ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा इमलीखेड़ा-सोनपुर क्षेत्र स्थित कुलबेहरा नदी क्षेत्र में आज संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए 6 ट्रैक्टरों को मौके से जब्त किया गया। जब्त किए गए सभी वाहनों को थाना कोतवाली की अभिरक्षा में रखा गया है। संबंधित वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## 13 वाहनों पर की गई 1,08,500 रूपये की चालानी कार्यवाही

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग पर संचालित यात्री वाहनों, स्कूल वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिन्दवाड़ा श्री अनुराग शुक्ला ने बताया कि वाहनों की जांच में यात्री वाहनों के दस्तावेजों जैसे- वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक के वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। विशेष जांच दल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 को दृष्टिगत रखते हुये ऑडिट में बकाया ऐसे वाहन जिस पर म.प्र. मोटरयान कर बकाया है, पर भी वसूली की कार्यवाही सतत रूप से की जा रही है। जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 09 एफए 7896 (स्कूल बस) को रोककर जांच की गई। दस्तावेजों की जांच करने पर वाहन बिना वैध परमिट बारात ले जाते पाई गई। उक्त वाहन पर 35,000 रूपये की चालानी कार्यवाही कर वाहन मुक्त किया गया। 01 डम्पर वाहन क्रमांक एमपी 28 जेडक्यू 8943 ओवरलोड रेत का परिवहन करते पाये जाने पर उक्त वाहन पर 10,000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। अन्य कार्यवाही में मोटरयान अधिनियम के तहत कमियां पाये जाने पर कुल सभी 13 वाहनों पर 1,08,500 रूपये की चालानी कार्यवाही कर राजस्व प्राप्त किया गया। साथ ही अन्य वाहन संचालकों/चालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।



# तामिया जनपद पंचायत में बवाल: सीईओ के खिलाफ सत्ता-विपक्ष एकजुट, बैठक का सामूहिक बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार को उस समय अभूतपूर्व मोड़ पर पहुंच गई, जब सत्तारूढ़ भाजपा, कांग्रेस और गोंडवाना दल के जनपद सदस्य एकजुट होकर प्रभारी सीईओ की कार्यप्रणाली के खिलाफ खुलकर सामने आ गए। नाराज सदस्यों ने न केवल बैठक का बहिष्कार किया, बल्कि सभाकक्ष से सामूहिक रूप से बाहर निकलकर प्रशासन के प्रति अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

जनपद पंचायत तामिया के इतिहास में यह पहला मौका माना जा रहा है जब सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एक मंच पर आकर सीईओ के खिलाफ लामबंद हुए और उनके तत्काल स्थानांतरण की मांग की। बैठक की शुरुआत से ही माहौल तनावपूर्ण रहा, जो समय के साथ और अधिक गरमाता गया।सदस्यों ने बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर गंभीर आपत्ति जताई। आरोप लगाया गया कि कई विभागों के प्रमुख अधिकारी खुद उपस्थित होने के बजाय अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भेजकर केवल औपचारिकता निभा रहे हैं। इससे जनप्रतिनिधियों के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा था, जिससे असंतोष बढ़ता गया।बैठक में सड़क निर्माण कार्यों में गड़बड़ी, आंगनबाड़ी केंद्रों में रंगाई-पुताई में अनियमितता, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और पेयजल संकट जैसे कई अहम मुद्दे जोरदार तरीके से उठाए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर भी सदस्यों ने नाराजगी जताई। आरोप लगाया गया कि गांवों में बने उप स्वास्थ्य केंद्रों में सीएचओ नियमित रूप से नहीं जाते, जिससे ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।जनप्रतिनिधियों का यह भी कहना था कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद सीईओ द्वारा क्षेत्र का दौरा नहीं किया जाता, जिससे समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। विद्युत व्यवस्था और पेयजल लाइन विस्तार से जुड़ी शिकायतों पर भी विभागों द्वारा केवल औपचारिक जवाब दिए जाने से सदस्य खासे नाराज दिखाई दिए।जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलसा परतेंती ने सीईओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का लगातार अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामान्य सभा की बैठक जनता की समस्याओं के समाधान के लिए होती है, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा।अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने सभी सदस्यों की भावना को ध्यान में रखते हुए छिंदवाड़ा कलेक्टर को पत्र भेजकर सीईओ को तत्काल हटाने की मांग की है।

## कलेक्टर ने लापरवाही पर जताई नाराजगी

**पांढुर्णा।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा एवं सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का,डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक,जनपद पंचायत सीईओ पांढुर्णा श्रीमती बंदू सूर्यवंशी सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। विकासखंड सौसर से एसडीएम श्री सिद्धार्थ पटेल एवं अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए, जिससे दोनों स्तरों पर समन्वय स्थापित कर योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा जल संचय एवं जनभागीदारी अभियान की गहन समीक्षा की गई। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों के आंकड़ों का बारीकी से परीक्षण किया गया।


**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई, जिला- छिन्दवाड़ा**

प्रवेश सूचना-2026-27 शैक्षणिक सत्र 2026-27 कक्षा-11 वीं में प्रवेश सूचना हेतु
कुल संभावित रिक्तियाँ: 30 रिक्तियाँ (छात्र एवं छात्राएं)

कक्षा-11वीं में संभावित - 30 रिक्तियां है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राएं जिन्होंने कक्षा- 10वीं उत्तीर्ण की है और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं, वे विद्यालय में आकर पंजीकरण (Registration) कराएं।
प्रवेश प्रक्रिया: • सर्वप्रथम विद्यालय आकर पंजीकरण (Registration) कराएं। • पंजीकरण के पश्चात मेधा सूची (Merit List) के आधार पर चयन किया जाएगा। • परिणाम (मेरिट लिस्ट) घोषित होते ही विद्यालय में शीघ्र संपर्क करें। • कक्षा-11वीं में प्रवेश पूर्णतः मेरिट लिस्ट के आधार पर चयन किया जाएगा।
पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज़:- • कक्षा-10वीं की मार्कशीट। • जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र । • MPTAAS प्रोफाइल आई-डी।
प्रवेश कार्यक्रम निम्नानुसार है-

| क्र. | परीक्षा का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय में आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि | 10/04/2026 | 10:00 AM से 1:40 PM |
| 2 | आवेदन करने की अंतिम तिथि | कक्षा-10वीं का परिणाम घोषित होने तक। | |

नोट: * चयन प्रक्रिया EMRS प्रवेश दिशा निर्देशिका 2025-26 के अनुसार होगी। * उपरोक्त रिक्तियाँ संभावित हैं जिनकी संख्या में बढ़ोत्तरी एवं कमी हो सकती है। * विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के प्रवेश उपरांत ही, शेष रिक्त सीटों पर अन्य छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों के संकाय का चयन कक्षा 10वीं के परिणाम उपरांत विद्यालय स्तर पर रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार किया जाएगा। * अधिक जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट www.ermsharrai.org.in से प्राप्त करें।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 कक्षा-9वीं में प्रवेश सूचना हेतु

| क्र. | परीक्षा का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय में आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि | 10/04/2026 | 10:00 AM से 1:40 PM |
| 2 | आवेदन करने की अंतिम तिथि | 15/04/2026 | 1:40 PM तक |
| 3 | परीक्षा की तिथि | 17/04/2026 | प्रातः 10:00 बजे से |

कुल सीटें/रिक्तियाँ - 01 (बालक संवर्ग)
परीक्षा केन्द्र :- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई, मुख्यालय ।
नोट: * चयन प्रक्रिया EMRS प्रवेश दिशा निर्देशिका 2026-27 के अनुसार होगी।
* कक्षा - 8वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियाँ, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ समुदाय (DNT/NT/SNT) के बच्चे ही आवेदन करें।

**प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई, जिला-छिंदवाड़ा**


## जिला युवक कांग्रेस ने युकां अध्यक्ष का किया गर्मजोशी से स्वागत

# युवाओं को बेरोजगार बनाकर प्रधानमंत्री विकसित नहीं बेरोजगार भारत बना रहे: घनघोरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

### असम के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्री गोलू पटेल के नेतृत्व में ईएलसी चौक पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पुतला फूंका। नेता विपक्ष श्री राहुल गांधी व राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा को अपशब्द कहे जाने से आक्रोशित युवक कांग्रेस ने नारेबाजी करते हुए युवक कांग्रेस का पुतला दहन किया। इस दौरान युवक कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की कर्मभूमि पर पहली बार आए प्रदेश युकां अध्यक्ष का छिन्दवाड़ा जिला युवक कांग्रेस ने जोरदार स्वागत किया। ढोल, गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ कांग्रेस भवन में स्वागत के उपरांत युकां की बैठक आयोजित हुई जिसमें कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने सरकार की नाकामियां गिनाते हुए सड़क से सदन तक संघर्ष का संकल्प लिया। बैठक के पश्चात युवक कांग्रेस ने ईएलसी चौक पर असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका।

प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया का जिला युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने चौरई बायपास, इसरा उमरिया, कुण्डीपुरा, यातायात थाना व महात्मा गांधी चौक पर गर्मजोशी से पुष्प गुच्छ व पुष्पहार भेंट कर भव्य स्वागत किया। राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर युवक कांग्रेस की टीम ने उनका भव्य व आत्मिक स्वागत किया।

तत्पश्चात आयोजित बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं का यह जोश और जज्बा ऐसा ही बना रहना चाहिए, क्योंकि देश का भविष्य युवा है। युवा जाग रहा है तो समझ जाए कि किसी भी चौकीदार की आवश्यकता नहीं है, युवा देश की रक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने युकां के प्रदेश अध्यक्ष को उज्वल राजनीतिक भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया ने बड़ी संख्या में उपस्थित युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवा है, युवा का भविष्य खतरे में है। यानि देश के प्रधानमंत्री युवाओं को बेरोजगार बनाकर विकसित नहीं बेरोजगार भारत का निर्माण कर रहे हैं, लेकिन वे हर मंच पर विकसित भारत की बात करते नहीं थकते। एपस्टीन फाइल्स में नाम आते ही वे अमेरिका के सामने सरेंडर हो गए। उन्होंने कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास बलिदान का रहा है। देश की आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस ने देश के लिए सिर्फ और सिर्फ बलिदान दिया है, लेकिन आज भाजपा के लोग देश को विभिन्न माध्यमों से खोखला कर रहे हैं। किसान, युवा, महिला और मजदूर सभी त्रस्त व परेशान है। हमें इन सभी की आवाज को उठाना है।

जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गोलू पटेल ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की घोषणाएं और वादे खोखले हैं। उन्होंने प्रश्न उठाते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था आज तक वह वादा पूरा नहीं हुआ।


WE ARE HIRING
**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**
**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
**Qualifications :**
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

पुराने भवन में 1500 बच्चों की क्षमता, गाइडलाइन का दिया जा रहा हवाला

# खाली पड़ा है सांदीपनी का पुराना भवन, फिर भी एडमिशन की 'नो एंट्री', कब जागेगा प्रशासन?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शिक्षा के क्षेत्र में पांढुर्णा का प्रतिष्ठित सांदीपनी स्कूल इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है, लेकिन वजह कोई उपलब्धि नहीं बल्कि प्रवेश को लेकर मचा हाहाकार है। शहर के सैकड़ों अभिभावक अपने बच्चों को इस विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन के अड़ियल रवैये ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।



### गाइडलाइन का हवाला, सुविधाओं की अनदेखी

प्रशासन का तर्क है कि सांदीपनी का नया और सुसज्जित भवन अपनी पूर्ण क्षमता (2400 विद्यार्थी) तक पहुँच चुका है और शासन की गाइडलाइन के अनुसार इससे अधिक बच्चों को वहां नहीं रखा जा सकता। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब पास ही में पुराना भवन उत्कृष्ट अवस्था में खाली पड़ा है, तो उसका उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा ?

### पुराने भवन में 1500 बच्चों की क्षमता

हैरानी की बात यह है कि नया भवन शुरू होने के बाद पुराना भवन पूरी तरह रिक्त है। इस भवन में 25 कक्ष मौजूद हैं, जहाँ आसानी से 1500 नए छात्र शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। अभिभावकों का कहना है कि, पुराने भवन में कक्षा 10 वीं से 12 वीं तक के सभी सेक्शन शिफ्ट किए जा सकते हैं। या फिर यहाँ पृथक रूप से माध्यमिक शाला का संचालन किया जा सकता है। इससे नए भवन पर दबाव भी कम होगा और क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों का भविष्य भी संवर जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में सालों तक कार्य कर चुके अनुभवी शिक्षकों का मानना है कि, "जब संसाधन मौजूद हैं और जनता की मांग भी है, तो प्रशासन इस ओर ध्यान क्यों नहीं दे रहा ? 1500 बच्चों के बैठने की क्षमता वाले गुणवत्तायुक्त भवन को खाली रखकर बच्चों को प्रवेश से वंचित रखना समझ से परे है।"

## शिक्षक की सडक हादसे में मौत



पांढुर्णा। आज दोपहर लगभग 4 बजे भोपाल - नागपुर रोड पर सडक दुर्घटना में विकासखंड के ग्राम मरकावाडा में पदस्थ शिक्षक दशरथ पठाडे की दुखद मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक दशरथ अपनी बाइक से तेजी से जा रहे थे न जाने कैसे इनकी बाइक डिवायडर से टकरा गई, और यह दूर फिंका गए। इस हादसे में इन्हें सिर में गंभीर चोट आयी। सडक से गुजर रहे वाहन सवारो ने शिक्षक को जब सडक किनारे बेसुध और घायल अवस्था में पडा देखा तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद जब शिक्षक को शासकीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनकी मौत होना बताया। अनुमान लगाया जा रहा है कि, शिक्षक दशरथ का बाइक पर संतुलन खो जाने से यह हादसा हुआ।

## महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करने हेतु किया गया स्थल चयन

जुन्नारदेव। बुधवार 8 अप्रैल को नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव द्वारा महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करने हेतु स्थल चयन के लिए निरीक्षण किया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 18 में रानी दुर्गावती की प्रतिमा का स्थल चयन किया गया, इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 5 के सी1 परिसर पर भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा स्थापित करने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। वार्ड क्रमांक 2 के चिखलमऊ चौराहा के समीप शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने हेतु भूमि का चयन किया गया। उक्त चयन प्रक्रिया में राजस्व विभाग के पटवारी शत्रुघ्न सिंह, विनोद बरखाने, ऋषि पाटिल, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया, वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद एवं सभापति दीप्ति कांता साहू सहित नगर पालिका प्रशासन की ओर से लोक निर्माण शाखा प्रमुख मधु खादीपुरे, ऋतिक चौरसिया भूमि स्थल पर उपस्थित रहे। अब स्थान निरीक्षण उपरांत नगर पालिका प्रशासन द्वारा महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करने की कार्यवाही तेजी से की जाएगी।



# लोधीखेड़ा कांग्रेस ने गैस की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

लोधीखेड़ा स्थित गैस एजेंसी में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर कांग्रेस कमेटी लोधीखेड़ा के तत्वावधान में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सौसर को एक ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की गई। कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी में 300 सिलेंडरों की गाड़ी आने के बावजूद केवल 160 सिलेंडरों का ही वितरण किया जा रहा है।

शेष सिलेंडरों के वितरण को लेकर पारदर्शिता का अभाव है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी द्वारा मोबाइल पर ओटीपी तो प्राप्त कर लिया जाता है, लेकिन उसके बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जा रहा और गुमराह किया जा रहा है। लोधीखेड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कमर्शियल सिलेंडर की भारी किल्लत बनी हुई है। इससे छोटे चाय-नाश्ते के ठेले और होटलों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

पर्याप्त गैस न मिलने के कारण छोटे व्यापारियों का व्यापार ठप होने की कगार पर है। गेस को लेकर उपभोक्ताओं के साथ जो मनमानी की जा रही है, वह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे, नरेंद्र राय, श्रीकांत तिड़के, विनायक बल्कि, माणिक कोल्हटकर सहित रमेश भोयर, प्रमोद मानापुरे, आशीष राज गोखे, दीपक धानोरकर, ज्ञानेश्वर बारापात्रे, सागर साखरे आदि उपस्थित थे।

## भंडारे से लोग हो रहे लाभांवित

छिंदवाड़ा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्व सेवा सत्संग सप्ताह मनाया गया । श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से सप्ताह भर कई धार्मिक और सेवा भावी आयोजन सम्पन्न हुए । जिसमें हजारों राहगीरों को छाछ , जिला चिकित्सालय , वृद्ध आश्रम में फल वितरण , खजरीं आश्रम में कई दैवीय कार्य सम्पन्न हुए । सुबह से ही साधक भक्तों का तांता लगा रहा ।जिसमें चरण पादुका पूजन , श्री आशारामायण पाठ , श्री गुरूगीता पाठ ,हवन पूजन ,शाम 6 बजे से विशाल संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया । जो गुरुकुल से प्रारंभ होकर श्री षष्टि माता मंदिर , मोहन नगर , स्टेट बैंक कॉलोनी , मानसरोवर कॉम्प्लेक्स , जेल तिराहा , फव्वारा चौक , बुधवारी बाजार छोटी बाजार से वापस होते हुए पोस्ट ऑफिस ,सब्जी मंडी ,सत्कार तिराहा के बाद गुरुकुल में समाप्त हुई । नगर वासियों ने कीर्तन यात्रा का जगह - जगह भव्य स्वागत किया । पूज्य बापूजी जी इस धरा के ऐसे पहले सन्त हैं जिनका अवतरण दिवस गरीब गुरुवों की , जरूरत मंदों की सेवा कर मनाया जाता हैं ।

# अपराधी सगीर के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की मांग, विहिप और बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव क्षेत्र में एक नाबालिग आदिवासी बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कुख्यात अपराधी सगीर खान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उसके अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आरोपी सगीर खान एक आदतन अपराधी है, जिस पर पूर्व में भी लव जिहाद, जिला बदर, और रेत व कोयला माफिया से जुड़े होने जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। हाल ही में उसके घर में कार्यरत एक नाबालिग आदिवासी बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है, जिसके बाद पुलिस ने उस पर पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



### प्रशासन से बुलडोजर कार्रवाई की मांग

हिंदू संगठनों का आरोप है कि सगीर खान और उसका परिवार न केवल आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है, बल्कि उन्होंने सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाए हैं और उन्हें बेचने का अवैध कारोबार भी कर रहे हैं। आरोपी के वर्तमान निवास और अन्य अवैध निर्माणों पर तुरंत बुलडोजर चलाया जाए और क्षेत्र को अपराधियों के आतंक से मुक्त कराया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि समाज के लिए घातक साबित हो रहे ऐसे तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई हो।संगठन ने इस मांग पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री (म.प्र. शासन), गृहमंत्री, पुलिस अधीक्षक (छिंदवाड़ा) और कलेक्टर (छिंदवाड़ा) को भी प्रेषित की है, ताकि मामले में त्वरित और उच्च स्तरीय हस्तक्षेप सुनिश्चित किया जा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिंदू परिषद के विभाग सह मंत्री नितेश गोहे और जिला मंत्री राधेश्याम यदुवंशी सहित संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान यह रहे उपस्थित

रूपेश लाँझीवर, छोटू पाल प्रांत टोली सदस्य, गोलू सूर्यवंशी विभाग सह मंत्री, राधेश्याम यदुवंशी जिला मंत्री, अक्षय शेंगर जिला संयोजक, राहुल आम्रवंशी जिला मिलन प्रमुख, प्रकाश विश्वकर्मा जिला सह मंत्री, गोलू चौकसे प्रखंड अध्यक्ष, अभिषेक यदुवंशी प्रखंड संयोजक, सौरभ नागवंशी प्रखंड सह संयोजक आदि मौजूद रहे।

शासकीय सांदीपनि स्कूल का नया कारनामा

# प्रवेशित विद्यार्थियों को स्कूल से किया जा रहा बेदखल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय कटंगी में प्राइवेट स्कूल से आने वाले विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश नहीं दिए जाने के बीच अब एक नया विवाद खड़ा हो गया है। जिन विद्यार्थियों को पहले अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश दिया जा चुका था और वह नियमित तौर पर कक्षाओं में बैठकर शिक्षा अर्जित कर रहे थे। अब प्राइवेट स्कूल से आने वाले ऐसे विद्यार्थियों को भी टीसी लेकर जाने की बात कहीं जा रही है यानी उन्हें स्कूल से बेदखल किया जा रहा है। बुधवार को सांदीपनि स्कूल के शिक्षकों ने अलग-अलग प्राइवेट स्कूलों से आकर सांदीपनि स्कूल की अलग-अलग अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को गुरुवार से स्कूल ना आने के लिए कहा है। यह बात आज जब विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को बताई तो बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंच गए। अभिभावकों ने प्राचार्य के समक्ष जमकर विरोध जताया और प्रवेश नीति दिखाने के लिए कहा। प्राचार्य दो वर्ष पुरानी प्रवेश नीति अभिभावकों के सामने लाकर रख दी। जिसे देखकर अभिभावक जमकर नाराज हो गए। प्राचार्य ने अभिभावकों से कहा है कि वह सरकार के नियमों के मुताबिक ही बच्चों को प्रवेश देगें। अब अभिभावक भी जिद पर अड़ गए है कि उनके बच्चे इसी स्कूल में पढ़ेगें अगर बच्चों को टीसी दी गई तो स्कूल परिसर में ही धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।



इन विवादों के बीच शुरूआती दिनों से ही सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता पर अभिभावकों का यह भी कथित आरोप है कि वह प्राइवेट स्कूलों के संचालकों के दबाव में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्राइवेट स्कूल से आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दे रहे है। बताना जरूरी है कि सांदीपनि स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होते ही बड़ी संख्या में अभिभावक प्रवेश फार्म लेने के लिए पहुंचे थे। सांदीपनि स्कूल के शिक्षकों ने प्रवेश नीति के मापदंड, नियमावली का हवाला देते हुए सांदीपनि स्कूल में पहले स्थानीय विद्यार्थियों को प्रवेश देने की बात कहीं और अभिभावकों से उनका निवास स्थान पूछा गया। जब यह तय हो जाता था कि आवेदक प्रवेश नीति के मापदंड में खरा उतर रहे है तभी उन्हें प्रवेश फार्म दिया गया। प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्राइवेट स्कूल से आने वाले विद्यार्थियों का नाम चयन सूची में जारी हो गया। 04 अप्रैल को बड़ी संख्या में अभिभावकों ने टीसी सहित अन्य दस्तावेज जमा करवा दिए। प्रवेश के बाद विद्यार्थियों ने कक्षा में बैठकर पढ़ाई भी शुरू कर दी। किंतु अब प्रवेश के 04 दिन बाद 08 अप्रैल को विद्यार्थियों को टीसी लेकर जाने की बात कहीं जा रही है। जबकि जिन विद्यार्थियों का नाम चयन सूची में आ चुका था उन विद्यार्थियों को अब भी प्रवेश नहीं दिया गया है।

बता दें कि सांदीपनि स्कूल की प्रवेश सूची में नाम आने के बाद तकरीबन 30 से भी अधिक अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्राइवेट स्कूलों से टीसी निकाल ली। इसी के बाद यह पूरा विवाद शुरू हुआ। 04 अप्रैल तक जिस प्रवेश नीति के तहत प्राइवेट स्कूल से आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया अब उन प्रवेशों को निरस्त करने की बात कहीं जा रही है।

विधायक विवेक पटेल ने अधिकारियों के साथ वारा रेल्वे ओवर ब्रिज का किया निरीक्षण

# 10 अप्रैल को वारा रेल्वे ओवर ब्रिज से होगा यातायात प्रारंभ

## विधायक विवेक विक्की पटेल करेगे पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विधायक विवेक विक्की पटेल ने बुधवार को लगभग 40 करोड़ रुपयों की लागत से बनकर तैयार हुए रेल्वे ओवरब्रिज का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। प्रदेश के सबसे लंबे गर्डर की लम्बाई और ऊंचाई की सुंदरता को देखकर विधायक विवेक पटेल ने तारीफ की। पुल-पुलिया बनने से सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को होता है। इसी के तहत ग्राम वारा रेल्वे ओवरब्रिज पूर्णतः बनकर तैयार हो गया है। शुक्रवार 10 अप्रैल को यह पुल क्षेत्र की जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इससे सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन भी शुरू हो जाएगा।



ओवरब्रिज के निरीक्षण के दौरान विधायक विवेक पटेल के साथ एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अर्जुन सनोडिया, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, डोंगरमाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू राजपूत, खैरलॉजी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तेजराम नगपुरे, सुदेश गुड्डु सोनी, विधायक प्रतिनिधि अनिल पिपरेवार, विधायक प्रतिनिधि विवेक जुझार, राजकुमार चौधरी, भेजेंद्र चौधरी, गगन बिसेन, नेवी पटले, प्रणय धार्मिक, सोनू पटले, रितिक गौतम सहित विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने निरीक्षण के दौरान माता मंदिर व गौठान की बाउंड्रीवाल रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान जनता की आवाजाही की परेशानी को देखते हुए तोड़ा गया था। लेकिन अब पुल पूर्णतः बनकर तैयार हो गया है। ऐसे में नगरवासियों व ग्रामवासियों की मांग पर रेल्वे ओवर ब्रिज के ठेकेदार को बाउंड्री वाल और ब्रिज के नीचे एप्रोज रोड के दोनों तरफ लाइटिंग लगवाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि वारा रेल्वे ओवर ब्रिज पूर्णतः बनकर तैयार हो चुका है। अधिकारियों के साथ लो टेस्टिंग की गई। पुल के दोनों और लाइटिंग का काम भी पूरा हो चुका है। आवाजाही के साथ ही लाइटिंग भी शुरू हो जाएगी। हमारे क्षेत्रवासियों को बरसों से रेल्वे ओवर ब्रिज शुरू होने का इंतजार था। 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को पूजा अर्चना कर यहां से आवागमन शुरू हो जाएगा। आवागमन शुरू होने के बाद नगरवासियों व ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों को सीधे वारासिवनी, बालाघाट और महाराष्ट्र आने-जाने में आसानी होगी औऱ लोगो को आने जाने में समय की बचत होगी साथ ही शिक्षा, रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

अस्पताल से नवजात को लेकर लौट रहे थे परिजन, बच्ची सुरक्षित

# तेज रफ्तार पिकअप का कहरः स्कूटी सवार परिवार को मारी टक्कर, दो गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में महिला और स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि साथ में मौजूद नवजात बच्ची सुरक्षित बच गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों को लेकर चिंता जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी निवासी राधेश्याम देवगढ़े, निकिता देवगढ़े और सिंधु देवगढ़े अपनी नवजात बच्ची को अस्पताल से लेकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे लांजी क्षेत्र में पहुंचे, पीछे से दमोह (बिनसा) से नागपुर जा रही पिकअप वाहन (क्रमांक एमपी 51 जेडसी 8310) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में निकिता देवगढ़े के सिर में गंभीर चोट आई, वहीं राधेश्याम देवगढ़े के चेहरे पर गहरी चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों की मदद की और उन्हें उपचार के लिए लांजी स्थित एक निजी क्लिनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना का समय दोपहर करीब 1:30 से 2 बजे के बीच बताया जा रहा है। गनीमत यह रही कि नवजात बच्ची को कोई चोट नहीं आई, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने हादसे के बाद प्रशासन से मांग की है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# प्यासे कांठो को तर करने किया शीतल प्याऊ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज उकवा।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषदविकास खण्ड बैहर जिला बालाघाट जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण में कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड बैहर जिला बालाघाट जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण में ग्राम सोनपुरी में श्री महेश पटले जी ब्लाक समन्वयक बैहर सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारिक के द्वारा के द्वारा ग्राम सोनपुरी मे जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया आम जनता को जल संरक्षण के विभिन्न संदेश दिए गए,साथ में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोनपुरी द्वारा समिति का बोर्ड लगाया गया।इन सभी कार्यक्रम में उपस्थित रहे श्री महेश पटले जी ब्लाक समन्वयक बैहर सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक़ उपाध्यक्ष संतोष सोनी, नितिन कुमार पत्रकार संजना बर्वे,नवांकुर संस्था आर्या समाज कल्याण समिति बैहर प्रमुख श्री राजीव गोपाल सिंह परते परामर्शदाता सुरेश यादव भाजपा महामंत्री उकवा तपेश घुले,प्रस्फुटन समिति प्रमुख श्रीमती ज्योति वरकडे सचिव संदीप गजभिये एवं एवं पीएम श्री शासकीय बालक माध्यमिक स्कूल सोनपुरी ज्योति टेम्भरे, पूनम बिसेन पी टी आई अंकित, अजिते म्युसिक शिक्षक लोकचंद तेकाम प्राथमिक शिक्षक सचिव सोनपुरी सुखचरण खंडाते एवं सदस्य शिखा उमरे, सरिता मात्रे, रेनू उमरे, ममता कटरे, साधना मर्सकोले, चमन वरकडे की सहभागिता रही।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपति घायल, चालक फरार



### लांजी के बकरामुंडी नाके के पास हुआ हादसा, सिर व चेहरे पर आई गंभीर चोटें

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां बकरामुंडी नाके के पास बुधवार शाम करीब 5 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कटंगी निवासी शेषराम नारनौरे (45 वर्ष) अपनी पत्नी बिंदेश्वरी के साथ बाइक से गांगलीराजा की ओर से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे बकरामुंडी नाके के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों के सिर, हाथ और चेहरे पर चोटें आई हैं, हालांकि उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से सख्ती बरतने और यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सम्मेलन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों के लिए मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन 09 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे किया जाएगा।
यह सम्मेलन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर, इंद्रहंस नगर, फेस-द्धद्ध, प्लॉट नं. 33, हाउस नं. 1297, ज्यारत नाका, अकबर वार्ड, सिवनी (म.प्र.) में आयोजित किया जाएगा। जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं (विधवाओं) एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। सम्मेलन के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, कर्नल अमरेंद्र कुमार दास (से.नि.) द्वारा उपस्थित जनों की समस्याओं को सुना जाएगा एवं उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं निराकरण किया जाएगा। अतः सभी संबंधितों से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित होकर इसका लाभ प्राप्त करें।

### केवलारी में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में नगर परिषद केवलारी के तिलक वार्ड-14 में नगर विकास प्रस्फुटन समिति के माध्यम से नगर स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, छात्र-छात्राओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवीसिंह बघेल के अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एकता हिरेन्द्रवार उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुसुईया साहू (गायत्री परिवार प्रमुख), श्रीमती जी. कुशराम (एएनएम स्वास्थ्य विभाग), संतोष पाठक (महिला एवं बाल विकास) सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### गूंज संस्था द्वारा विवेकानंद प्राथमिक विद्यालय गंज में निःशुल्क दंत प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गूंज संस्था द्वारा विवेकानंद प्राथमिक विद्यालय गंज में निःशुल्क दंत प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के लगभग 60 लोगों ने भाग लेकर अपने दांतों की जांच करवाई और आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. पलक अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं निरीक्षण में किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को दांतों की सही देखभाल, स्वच्छता और समय-समय पर जांच कराने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान दांतों से संबंधित सामान्य समस्याओं जैसे कैविटी, मसूड़ों की बीमारी एवं संवेदनशीलता के बारे में भी जागरूक किया गया।
गूंज संस्था के इस प्रयास को स्थानीय लोगों ने सराहा और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य संबंधी शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं स्थानीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा।

# पिपरिया पंचायत में बना रपटा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा

सिवनी जिले के जनपद पंचायत बरघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में तालाब में बना रपटा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा गया है, ग्रामीणों ने बताया कि लाखों की लागत से पंचायत भवन के सामने तालाब में रपटा का निर्माण कराया गया है, निर्माण कार्य एजेंसी के द्वारा बड़ी अनियमितताएं सामने आई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, निर्माण कार्य स्थल से सूचना पटल गायब है निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी से ग्रामीण पूरी तरह अनजान है। निर्माण कार्य एजेंसी ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

**निर्माण कार्य स्थल से सूचना पटल गायब**

जनपद पंचायत बरघाट की ग्राम पंचायत पिपरिया में बड़ा भ्रष्टाचार होने का आरोप ग्रामीण लगा रहे है। तालाब में बने रपटे में निर्माण किया गया है एजेंसी ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर राशि का बंदरबाट किया गया है, निर्माण कार्य की जानकारी से ग्रामीण पूरी तरह अनजान है निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी आज दिनांक तक






निर्माण स्थल पर संबधित सूचना बोर्ड नहीं लगा है। निर्माण कार्य में बड़ा भ्रष्टाचार होने की आशंका ग्रामीण जता रहे है।
मामले की जांच कराने की मांग
पिपरिया ग्राम पंचायत भवन के सामने तालाब के रपटा का निर्माण कराया गया है, जिसकी शिकायत अधिकारियों को होने के बाद अधिकारी अब तक कोई जांच नहीं कर रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है निर्माण कार्य में घटिया सामग्री मटेरियल का इस्तेमाल किया गया है निर्माण कार्य एजेंसी के द्वारा बड़ी गड़बड़ी की गई है, तालाब में बना घटिया इसी बरसात में क्षतिग्रस्त होने की बात ग्रामीण कह रहे, निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी से ग्रामीण पूरी तरह अनभिज्ञ है, निर्माण कार्य स्थल से सूचना पटल गायब है। निर्माण कार्य की जांच करने की मांग जिला कलेक्टर से ग्रामीण कर रहे हैं।



## सिवनी में चलती कार में लगी आग, कुछ ही मिनटों में जली पूरी गाड़ी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत गण्डाटोला गांव के पास देर रात एक बड़ा हादसा सामने आया, जहां चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। कार में सवार लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार उसकी चपेट में आ गई और जलकर पूरी तरह राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस को सूचित किया गया। दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक कार लगभग पूरी तरह जल चुकी थी। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास के क्षेत्र में आग फैलने का खतरा टल गया। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी को संभावित कारण माना जा रहा है।

### बच्चों और उनके परिजनों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

# कस्तूरबा कन्या माध्यमिक शाला को यथावत रखने की मांग

**शहर के भगत सिंह वार्ड स्थित शासकीय कस्तूरबा कन्या माध्यमिक शाला के स्थानांतरण के निर्णय से छात्राओं और अभिभावकों में नाराजगी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शाला को गंज वार्ड स्थित विवेकानंद प्राथमिक शाला में स्थानांतरित करने के आदेश के विरोध में मंगलवार को बच्चों और उनके परिजनों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शाला



को यथावत रखने की मांग की है।

**स्थानांतरण पर आपत्ति**

ज्ञापन में बताया गया कि 31 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत 1 अप्रैल से शाला का संचालन गंज वार्ड में किया जाना है। अभिभावकों का कहना है कि यह शाला 2019 से भगत सिंह वार्ड के हड्डी गोदाम परिसर में संचालित हो रही है, जहां कक्षाओं के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। वर्तमान में शाला में लगभग 20 छात्राएं पढ़ रही हैं, जो सभी स्थानीय वार्ड की निवासी हैं। नए सत्र में लगभग 12 और छात्राओं के प्रवेश की संभावना है। अभिभावकों ने चिंता जताई कि स्थानांतरण सेउर्दू विषय की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है, जिससे छात्राएं इस विषय से वंचित रह सकती हैं।

**सुरक्षा और सुविधा पर जताई चिंता**

अभिभावकों ने छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि भगत सिंह वार्ड से गंज वार्ड तक का मार्ग व्यस्त और ट्रैफिक भरा है, जिससे छात्राओं का आवागमन जोखिमपूर्ण होगा। अधिकांश परिवार श्रमिक वर्ग से जुड़े हैं और बच्चों को अन्य साधनों से स्कूल भेजने में असमर्थ हैं।भगत सिंह वार्ड में ही स्कूल चलाने की मांग ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों के हित को देखते हुए शाला को पूर्ववत भगत सिंह वार्ड में ही संचालित करने के निर्देश दिए जाएं। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा।

# श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस हुई आनंद की वर्षा

**नगर के राजश्री पैलेस में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं ने भक्ति और आनंद की अद्भुत अनुभूति की। कथा वाचन के दौरान पं. प्रेमकृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से प्रवाहित ज्ञान गंगा ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




द्वितीय दिवस की कथा में शास्त्री जी ने स्कंद पुराण में वर्णित श्रीमद् भागवत के माहात्म्य का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। साथ ही श्रीमद् भागवत के मंगलाचरण की अत्यंत सरस, सरल और सुबोध व्याख्या प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और ज्ञान का संदेश दिया।
कथा के मध्य विराम के दौरान पं. सनत्कुमार उपाध्याय ने कथा की मधुरता, गहनता एवं विद्वत्ता की सराहना करते हुए कथाव्यास जी के ज्ञान की प्रशंसा की। इस अवसर पर कथाव्यास जी के गुरुदेव पं. जानकी वल्लभ मिश्र की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने कथा श्रवण कर भक्ति रस का भरपूर आनंद लिया। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया।

# घंसौर अंतर्गत गुरैया नदी में स्टापडेम निर्माण कराये जाने कलेक्टर से लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 166 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत एवं अपर कलेक्टर सी एल चनाप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।
जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील बरघाट अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 निवासी प्रदीप कुमार भालेकर द्वारा पिता की मृत्यु उपरांत पेंशन की राशि दिलाये जाने विषयक, कबीर वार्ड सिवनी निवासी संध्या सोनी द्वारा खाद्यान्न पर्ची एवं बीपीएल कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम ढाना सिवनी निवासी मनीषा शर्मा द्वारा आधार कार्ड में जन्म तारीख सुधार कार्य कराये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम डुंगरिया निवासी दीपक वर्मा द्वारा रास्ता दिलाये जाने विषयक, ग्राम करहैया सिवनी निवासी दुजेलाल सनोडिया द्वारा रकबा, नक्शा दुरूस्त किये जाने विषयक, ग्राम कन्हरगांव सिवनी निवासी उत्तम चंद सनोडिया द्वारा मकान तक बिजली के पोल लगाये जाने विषयक, साई मंदिर के पास बारापत्थर सिवनी निवासी धरा भांवरे द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम मैली निवासी आंचल श्रीवास द्वारा विद्युत विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम उगली निवासी राजू यादव द्वारा समग्र आई डी से आधार डीलिंक कराये जाने विषयक, सिवनी निवासी मनोहर डहेरिया द्वारा महर्षि वाल्मिकी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा सिवनी निवासी गंगा भलावी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, अंबेडकर वार्ड सिवनी निवासी लक्ष्मी बाई द्वारा किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम मरकावाडा निवासी मिथलेख मरकाम द्वारा धारणाधिकार पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम दिवाराटोला थाना कान्हीवाडा निवासी मंसूर खान द्वारा जन्म प्रमाण पत्र दिलाये जाने विषयक, ग्राम लूघरवाडा सिवनी निवासी हिरदू यादव द्वारा गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम करेली निवासी कांती बाई द्वारा कपिलधारा कूप निर्माण कर्य में मजदूरी एवं सामग्री की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम रायखेडा केवलारी निवासी जगोती बाई द्वारा बरसात से हुई मकान क्षतिपूर्ति राशि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम बिनेकी निवासी सीताराम एवं अन्य द्वारा गुरैया नदी में स्टापडेम निर्माण कराये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम बेलखेडी निवासी हंसराम कुलस्ते द्वारा मार्ग मरम्मत कार्य कराये जाने विषयक, ग्राम भोमा टोला सिवनी निवासी उर्मिला बाई इनवाती द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने विषयक सहित कुल 166 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

# भीमगढ़ जलाशय तथा ग्राम गुरदा जलाशय में सिल्ट जमाव के कारण जलधारण क्षमता में कमी आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रदेश में जल आपूर्ति और जल सुरक्षा को लेकर स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। जल स्त्रोतों—जैसे तालाब, कुएं, नदियों और जलाशयों—में मिट्टी का अत्यधिक जमाव (सिल्ट) एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिससे उनकी जल संचयन क्षमता लगातार घट रही है।
विशेषज्ञों के अनुसार, जल स्त्रोतों का समय पर गहरीकरण (डीपेनिंग) न होने और सिल्ट हटाने की उचित व्यवस्था के अभाव में वर्षा जल का पर्याप्त संचयन नहीं हो पा रहा है। इसका सीधा असर जलभराव पर पड़ रहा है, जिससे गर्मी के मौसम में जल स्तर तेजी से गिर रहा है और पेयजल संकट गहराता जा रहा है।
इस समस्या की झलक सिवनी जिले में भी साफ दिखाई दे रही है। छपारा



क्षेत्र स्थित भीमगढ़ जलाशय तथा लखनादौन विकासखंड के ग्राम गुरदा जलाशय में भी सिल्ट जमाव के कारण जलधारण क्षमता में कमी आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्षों से इन जलाशयों का समुचित गहरीकरण और सफाई नहीं होने के कारण अब ये अपने मूल स्वरूप और क्षमता से काफी पीछे छूट चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रभाव अधिक देखने को मिल रहा है, जहां जल स्तर गिरने से पेयजल की समस्या बढ़ रही है और किसानों को सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में जल संकट और अधिक गंभीर रूप ले सकता है। इसके लिए शासन स्तर पर बड़े पैमाने पर सिल्ट हटाने, जल स्त्रोतों के गहरीकरण और वर्षा जल संचयन को प्राथमिकता देना आवश्यक है।
प्रदेश सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनके प्रभावी क्रियान्वयन और स्थानीय स्तर पर निगरानी की सख्त आवश्यकता है। साथ ही जनभागीदारी को बढ़ावा देकर जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना समय की मांग है।
मध्यप्रदेश में जल संकट की समस्या केवल प्राकृतिक कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि जल स्त्रोतों के रखरखाव की कमी और सिल्ट जमाव भी इसके प्रमुख कारण हैं। सिवनी जिले के भीमगढ़ और लखनादौन के गुरदा जलाशय इसका उदाहरण हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में जल संकट और भी गहरा सकता है।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बंडोल थाना अंतर्गत एनएच 44 में श्रीवनी फिल्टर प्लांट चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की 7 अप्रैल मंगलवार सुबह घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतकों में महाराष्ट्र भंडारा निवासी तरूणा पति शेषराव दमाहे (48) के अलावा बालाघाट रामपायली कन्हारटोला निवासी प्रफुल्ल पुत्र रविशंकर ठाकरे (22) शामिल हैं। बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंघेला ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 44 में श्रीवनी फिल्टर प्लांट चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को टक्कर मारी है और मौके से फरार हो गया। बाइक सवार प्रफुल्ल ठाकरे व तरूणा दमाहे के सिर में गंभीर चोट लगने से दोनों की मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। बंडोल पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है। अज्ञात वाहन की पतासाजी की जा रही है। वहीं जिला अस्पताल में पोस्ट मार्टम के बाद मृतकों के शव पुलिस ने स्वजनों को सौंप दिए हैं।

# पुस्तक एवं गणवेश मेला 9 से 11 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में पालकों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला सिवनी नगर मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी में दिनांक 09 से 11 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। मेले में स्थानीय पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेता, सह शैक्षणिक सामग्री तथा यूनिफॉर्म विक्रेताओं द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक पुस्तकें, कॉपियां, यूनिफॉर्म एवं अन्य सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध रहेगी। प्रशासन द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि वे इस मेले का लाभ उठाकर अपने बच्चों के लिए आवश्यक शैक्षणिक सामग्री एक ही स्थान पर सुगमता से प्राप्त करें।

# सिवनी में 11 अप्रैल को लगेगा एक दिवसीय हज तरबियत कैम्प, 95 हज यात्री होंगे लाभान्वित

**हज यात्रा पर जाने वाले आज़मीने हज के लिए सिवनी में 11 अप्रैल 2026, शनिवार को एक दिवसीय हज तरबियत कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

यह कैम्प सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक रॉयल लॉन, बड़ी जयारित के पास, जबलपुर रोड सिवनी में आयोजित होगा।
यह आयोजन हाजी मोहम्मद आरिफ अंसारी, हाजी मोहम्मद शब्बीर वारसी (अध्यक्ष, ज़िला हज कमेटी सिवनी) एवं अब्दुल वाहिद समर (अध्यक्ष, सेंट्रल इंडिया खादिम-उल-हुज्जाज कमेटी सिवनी) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस वर्ष सिवनी ज़िले से लगभग 95 हुज्जाज-ए-इकराम मक्का और मदीना की पवित्र यात्रा पर रवाना होंगे। ऐसे में यह तरबियत कैम्प हज यात्रा की तैयारियों को बेहतर और सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।
कैम्प में सिवनी के साथ-साथ पड़ोसी जिलों—छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी एवं बालाघाट—के आज़मीने हज भी शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर स्लाइड के माध्यम से हज के सभी अरकान, प्रक्रियाओं और आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।
इस अवसर पर मास्टर हज ट्रेनर जनाब हाजी मोहम्मद साबिर पटवारी (छिंदवाड़ा), स्थानीय मास्टर ट्रेनर हाजी मोहम्मद साबिर खान एवं हाजी अब्दुल वाहिद समर द्वारा हाजियों को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस प्रोग्राम में सिवनी जिले से जाने वाले हाजियों को हेल्थ कार्ड भी दिया जाएगा और अधिक जानकारी के लिए जिला हज कमेटी के सेक्रेटरी हादी भाई मोबाइल नंबर 8770 421 361 संपर्क कर सकते हैं।

# अंबेडकर चौक पर धरना प्रदर्शन से यातायात बाधित, आमजन परेशान



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय के व्यस्ततम क्षेत्र अंबेडकर चौक के पास जिला प्रशासन द्वारा धरना-प्रदर्शन की अनुमति दिए जाने से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान सडक़ के एक हिस्से को बंद करना पड़ता है, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाती है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग शहर का प्रमुख और अत्यधिक व्यस्त मार्ग है, जहां दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।
ऐसे में सडक़ पर धरना-प्रदर्शन होने से जाम की स्थिति बन जाती है और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लगता है। नागरिकों ने आशंका जताई है कि इस तरह की व्यवस्था के चलते कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विशेष रूप से आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न होती है, जो गंभीर चिंता का विषय है। लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन को शहर के इतने व्यस्त मार्ग पर धरना-प्रदर्शन की अनुमति देने से बचना चाहिए और इसके लिए किसी वैकल्पिक स्थान का चयन करना चाहिए, ताकि आमजन को असुविधा न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## पात्रता परीक्षा को लेकर शिक्षकों में भारी नाराजगी 25 साल बाद कैसा आदेश

# सरकार की खामोशी और सड़कों पर उतरे शिक्षक






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षकों ने प्रदेश सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ बुधवार को मोर्चा खोल दिया। अध्यापक और शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों ने सड़कों पर उतरकर सरकार से कानूनी हस्तक्षेप की मांग की।

दोपहर 2 बजे से एक घंटे के धरना आंदोलन के बाद शिक्षकों ने शहर में विशाल रैली निकाली। रैली के समापन पर शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कौरव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि वह समय रहते सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करें। आजाद अध्यापक संघ के अध्यक्ष आशीष बिसेन ने कहा कि सरकार ने 25 साल पहले तत्कालीन भर्ती नियमों के तहत नियुक्तियां की थीं। अब नए आदेशों के तहत उन्हें अयोग्य बताकर टीईटी परीक्षा देने को कहा जा रहा है। इस आदेश से मध्य प्रदेश के लगभग 4 लाख शिक्षकों का भविष्य अधर में लटक गया है। अध्यापक कमलनाथ पाराशर ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला पिछले साल सितंबर में आया था, लेकिन 6 महीने बीतने के बावजूद सरकार ने अब तक कोई कानूनी कदम नहीं उठाया है। शिक्षकों का कहना है कि यह आंदोलन सोई हुई सरकार को जगाने के लिए किया गया है ताकि समय सीमा समाप्त होने से पहले याचिका दायर की जा सके।

इस विरोध प्रदर्शन में बालाघाट जिले के विभिन्न विकासखंडों से सैकड़ों की संख्या में शिक्षक और अध्यापक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही उनके हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## इमरजेंसी सेवा के लिए नया टोल-फ्री नंबर 155334 जारी

# जिले को मिले 26 नए विशेषज्ञ डॉक्टर, जिला अस्पताल समेत 6 केंद्रों पर हुई पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बालाघाट जिले की चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 26 बंधपत्र चिकित्सकों की नियुक्ति की है। इन विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती से जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार मिल सकेगा।**

CMHO डॉ. परेश उपलप के शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय में 8 डॉक्टरों को तैनात किया गया है। इनमें रेडियोडायग्नोसिस, मानसिक रोग, पैथोलॉजी, शिशु रोग, नेत्र रोग, फॉरेंसिक मेडिसिन, त्वचा रोग और कम्युनिटी मेडिसिन के विशेषज्ञ शामिल हैं।



वारासिवनी सिविल अस्पताल में 6 विशेषज्ञ पदस्थ किए गए हैं, जबकि बैहर और कटंगी में 4-4 डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है। इसी तरह लांजी और लालबर्रा के केंद्रों को 2-2 विशेषज्ञ चिकित्सक मिले हैं। इन नियुक्तियों में एनेस्थीसिया, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग और अस्थि रोग विशेषज्ञों को प्राथमिकता दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों की सुविधा के लिए नया टोल-फ्री नंबर 155334 शुरू किया है। इस नंबर के जरिए मरीज संजीवनी आपातकालीन सेवा, जननी सेवा 108 और मृत्यु उपरांत शव वाहन सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। सीएमएचओ ने अपील की है कि आपात स्थिति में नागरिक इस निशुल्क सेवा का उपयोग करें। विशेषज्ञों की तैनाती से अब गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को दूसरे जिलों में नहीं जाना पड़ेगा। जिला प्रशासन का लक्ष्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुलभ बनाना है।

# नगरपालिका अब नागरिकों से कचरा संग्रहण टैक्स वसूलेगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगरपालिका अब नागरिकों से कचरा संग्रहण टैक्स वसूलेगी। इस निर्णय का विरोध शुरू हो गया है। नगरपालिका पहले से ही संपत्ति, समेकित, शिक्षा और नगरीय विकास कर सहित कई शुल्क नागरिकों से वसूलती है।




शहर में स्वच्छता के दावों के बावजूद, वार्डों के खाली प्लॉटों और नालियों में गंदगी पसरी रहती है। कई वार्डों में कचरा वाहन कई दिनों तक नहीं पहुंचते, जिससे स्वच्छता की हकीकत सामने आती है।

नगरपालिका सीएमओ ने बताया कि यह टैक्स लेने का निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि लोग 'मुफ्त की सेवा का महत्व नहीं समझते'। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नियम नगरपालिका में पहले से मौजूद है। इसके तहत घरों से प्रतिमाह 50 रुपये और दुकानदारों से 100 रुपये कचरा संग्रहण टैक्स लिया जाएगा।

कांग्रेस ने नगरपालिका के इस कचरा संग्रहण टैक्स का कड़ा विरोध किया है। नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल सोनी ने इस निर्णय को 'नगर की जनता के साथ धोखा' बताया।

सोनी ने कहा कि नगरपालिका एक ओर नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है, वहीं दूसरी ओर आम जनता पर टैक्स का अतिरिक्त बोझ डाल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी और टैक्स लागू होने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

## प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से करेंगे बजट पर सीधा संवाद

# माय भारत बजट क्वेस्ट के अंतिम चरण के लिए बालाघाट के सिद्धार्थ गेड़ाम का चयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

माय भारत बजट क्वेस्ट (MY Bharat Budget Quest 2026) के अंतिम चरण (Final Round) के लिए बालाघाट के प्रतिभावान युवा सिद्धार्थ गेड़ाम का चयन हो गया है। देशभर के 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से चुनिंदा फाइनलिस्ट्स में शामिल होने पर सिद्धार्थ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद का गौरवपूर्ण अवसर मिलेगा।

यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम 12 और 13 अप्रैल 2026 को भोपाल में आयोजित होगा, जिसमें चयनित युवा Union Budget 2026 पर अपने विचार, सुझाव और विजन साझा करेंगे। MY Bharat प्लेटफॉर्म पर आयोजित इस क्विज़-आधारित मल्टी-स्टेज प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को बजट की समझ बढ़ाना और विकसित भारत @2047 के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।



सिद्धार्थ गेड़ाम ने पिछले चरणों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, गहरी समझ और बेहतरीन प्रदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की। यह चयन न केवल सिद्धार्थ के लिए व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि बालाघाट एवं मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। यह दर्शाता है कि युवा शक्ति अब सीधे राष्ट्रीय नीति-निर्माण में अपनी आवाज़ बुलंद कर रही है। सिद्धार्थ गेड़ाम ने कहा कि यह अवसर मेरे लिए सम्मानजनक है। मैं बजट पर युवाओं के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री जी तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा।

## संगठनात्मक चर्चा के साथ सेवा सुशासन का लिया संकल्प

# किरनापुर में भाजपा ने मनाया 47 वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। समारोह में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संगठनात्मक चर्चा के साथ सेवा और सुशासन का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित राणा कल्याण सिंह जनपद पंचायत किरनापुर अध्यक्ष, संतोष शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, डॉ. लोमेश तुरकर एकल विद्यालय संघ एन आर गर्दे एकल विद्यालय सचिव,चुमेश लिल्हारे मंडल महामंत्री व सांसद प्रतिनिधि, रामकुमार राणा विधायक प्रतिनिधि, डोमेश लिल्हारे युवा मोर्चा अध्यक्ष, विजय लिल्हारे सहसंयोजक , सदा राम राहंगडाले सरपंच प्रतिनिधि रामगढ़ी, भजनलाल बिसेन सरपंच वारा, संतोष चौधरी जनपद पंचायत सदस्य, गणेश आवरे सरपंच अकोला, देवेंद्र उइके संयोजक राणा पिछोड़े युवा मोर्चा, मोहननाथ कश्यप, प्रमोद पिछोड़े, दिनेश कबीरे पूर्व सरपंच अकोला ,प्रमोद पिछोड़े एवं अन्य 50 भाजपा कार्यकर्ता सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला ,वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हुई थी। पार्टी ने जनसंघ से लेकर अब तक के अपने सफर में राष्ट्रवाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को सर्वोपरि रखा है।

पार्टी पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार की जनहितकारी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर चलते हुए गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित है। राम मंदिर निर्माण और धारा 370 को हटाना पार्टी की वैचारिक जीत और मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# बालाघाट व किरनापुर क्षेत्र के ग्रामों में जल गुणवत्ता जांच व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकासखंड बालाघाट एवं किरनापुर के ग्राम धनसुआ एवं सिवनीकला में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट द्वारा संचालित किया गया।

अभियान के तहत ग्राम पंचायत, स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट (FTK) के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों के जल नमूनों का मौके पर ही परीक्षण किया गया। एफटीके यूजर्स द्वारा क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड एवं पीएच जैसे प्रमुख मानकों की जांच कर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वे स्वयं भी जल गुणवत्ता की नियमित जांच कर सकें।

अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी जल नमूने में दूषित तत्व पाए जाते हैं, तो उसे विस्तृत जांच के लिए निकटतम जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। इसके साथ ही सरपंच, ग्रामीणजन, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक एवं समूह की महिलाओं द्वारा जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता संदेश दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात ग्राम पंचायतों को FTK किट वितरित की गई, ताकि गांवों में नियमित रूप से जल स्त्रोतों की जांच की जा सके।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड से ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत, श्रुति गजभिये एवं खंड कार्यालय से पीएमयू के हरीश झा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।



## समनापुर में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जल गुणवत्ता जांच व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बालाघाट।** बिरसा विकासखंड के ग्राम समनापुर में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट द्वारा संचालित किया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत, स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट (FTK) के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों के जल नमूनों का मौके पर ही परीक्षण किया गया। एफटीके यूजर्स द्वारा क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड एवं पीएच जैसे प्रमुख मानकों की जांच कर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वे स्वयं भी जल गुणवत्ता की नियमित जांच कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी जल नमूने में दूषित तत्व पाए जाते हैं, तो उसे विस्तृत जांच के लिए निकटतम जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। इसके साथ ही सरपंच, ग्रामीणजन, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक एवं समूह की महिलाओं द्वारा जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता संदेश दिया गया।

## बाल श्रम, किशोर श्रम व बंधक श्रम रोकथाम पर कार्यशाला आयोजित



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में बाल एवं किशोर श्रम तथा बंधक श्रम की रोकथाम को लेकर आज एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. अविनाश सहारे ने की। कार्यशाला में होटल संचालक, मैरिज लॉन संचालक, कैटरिंग व्यवसायी, इवेंट ऑर्गनाइजर, बैंड-बाजा एवं डीजे व्यवसाय से जुड़े बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विवाह एवं अन्य मांगलिक आयोजनों में बच्चों और किशोरों को काम पर न लगाने तथा इन आयोजनों में कार्यरत बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर देना रहा।

कार्यक्रम में प्रभारी सहायक श्रम पदाधिकारी मयंक दीक्षित ने बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। वहीं जिला विधिक सेवा अधिकारी जितेंद्र धुर्वे ने पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह तथा इन आयोजनों में शामिल व्यवसायियों की कानूनी जिम्मेदारियों पर विस्तार से बताया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य ने किशोर न्याय अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की।

कार्यशाला के अंत में सभी उपस्थित व्यवसायियों को बाल श्रम न कराने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, संबल योजना सहित विभिन्न श्रम कानूनों की जानकारी भी दी गई। यह कार्यशाला जिले में बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## महिलाओं ने थाने में सौंपा ज्ञापन कार्रवाई की मांग

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ जंग



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शहर से सटी ग्राम पंचायत सेलवा की महिलाओं ने बुधवार की दोपहर 02 बजे थाना पहुंचकर एक शिकायती ज्ञापन सौंपा है। महिलाओं ने गांव में जगह-जगह बिकने वाली अवैध शराब ब्रिकी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। दरअसल, मंगलवार 07 अप्रैल को सेलवा गांव की महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुंचकर गांव के भीतर डोंगरू टोला में बसाहट के बीच में संचालित होने वाली शराब दुकान को गांव से बाहर विस्थापित करने की मांग रखी। इस पर फैसला प्रशासन के समक्ष विचाराधीन है। इधर, बालाघाट से वापस गांव लौटकर आई महिलाओं ने मंगलवार को ही शराब दुकान संचालक को सख्त लहजे में चेतावनी भी दी कि वह गांव में पैकारी के लिए शराब ना बेचे। अगर इस समझाइश के बाद भी गांव के भीतर कहीं भी अवैध शराब की ब्रिकी होते पाई जाती है तो शराब दुकान संचालक इसका खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहे। महिलाओं ने शराब दुकान में बिकने वाली खाली गिलास और पानी पाउच को लेकर भी विरोध जताया। महिलाओं का कहना है शराबी शराब दुकान से ही गिलास और पानी पाउच लेकर दुकान के सामने खड़े होकर शराब पीते है। यह बंद होना चाहिए। महिलाओं ने पुलिस को बताया कि वह गांव को नशा मुक्त बनाना चाहते है जिसके लिए गांव में एक बैठक कर सभी को शराब के दुष्परिणाम की जानकारी दी जाएगी। महिलाओं ने इस बैठक में थाना प्रभारी को भी आमंत्रित किया है ताकि अवैध शराब ब्रिकी की रोकथाम में पुलिस का सहयोग मिल सकें।

सेलवा गांव में तीन दशक पहले ही शराब दुकान का संचालन हुआ। पहले यह शराब दुकान गांव के बीचो-बीच संचालित होती थी। वहां के रहवासियों ने जब विरोध किया तो शराब दुकान को डोंगरू टोला में लाकर विस्थापित किया गया। जब यह दुकान डोंगरू टोला में संचालित हो रही थी तब यहां के लोगों ने इसका पुरजोर तरीके से विरोध किया परंतु प्रशासन ने बलपूर्वक दुकान स्थापित करवाई। हालांकि अब ग्रामीण बिना कानूनी उल्लंघन कर नियमानुसार शराब दुकान का विस्थापन कराने की मांग कर रहे है। महिलाओं ने निर्णय लिया है कि वह गांव में एक सामूहिक बैठक कर गांव में अवैध तरीके से शराब की ब्रिकी करने वालों को एक अंतिम अवसर प्रदान करेगी इसके बाद भी अगर कोई शराब ब्रिकी करते पाया जाता है ऐसे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया जाएगा।

# टैबलेट आधारित एफएलएस सर्वे सम्पन्न, कक्षा 3 के विद्यार्थियों का लर्निंग लेवल परखा गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT), नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के 9 चयनित विद्यालयों में कक्षा 3 के विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का आकलन करने हेतु एफएलएस (Foundational Learning Study) 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह सर्वे 6 एवं 7 अप्रैल 2026 को राज्य शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

जिला शिक्षा केंद्र बालाघाट के एपीसी अकादमिक श्री विवेक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा आयोजित इस सर्वे के लिए जिले के 9 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों का चयन एनसीईआरटी द्वारा रेंडम आधार पर किया गया था। इनमें एक केंद्रीय विद्यालय, दो अशासकीय विद्यालय तथा 6 शासकीय विद्यालय शामिल रहे। सर्वे के अंतर्गत सत्र 2025-26 में कक्षा 3 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की दक्षताओं का मूल्यांकन किया गया। इसके लिए डाइट के 10 चयनित फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स द्वारा टैबलेट के माध्यम से सत्र 2026-27 में कक्षा 4 में अध्ययनरत बच्चों का आकलन किया गया। हिंदी माध्यम के विद्यालयों में हिंदी एवं गणित विषय, जबकि अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में अंग्रेजी एवं गणित विषयों पर विद्यार्थियों के प्रदर्शन को परखा गया।

इस दौरान कुल 83 विद्यार्थियों के भाषा एवं गणित विषय में प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। साथ ही 9 विद्यालयों से संबंधित प्रश्नावली एवं 12 शिक्षकों से संबंधित प्रश्नावली भी भरी गई, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता का समग्र आकलन सुनिश्चित हो सके। सर्वे के सफल संचालन में एपीसी अकादमिक श्री विवेक गुप्ता, डाइट मूल्यांकन प्रभारी श्री मनोज मेश्राम एवं प्रोग्रामर श्री श्रद्धानंद भालाधारे ने मास्टर ट्रेनर्स के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, डाइट प्राचार्य श्री एन.पी. मलगाम एवं डीपीसी श्री जी.पी. बर्मन द्वारा फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के रूप में कार्य कर रहे छात्राध्यापकों का उत्साहवर्धन किया गया। यह सर्वे विद्यार्थियों के बुनियादी शिक्षण स्तर को समझने एवं भविष्य की शैक्षणिक रणनीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।